फा. सं. 11/1/2023 गो-1/2 (ई-7362)
<u>कर्मचारी चयन आयोग</u>

आशुलिपिक श्रेणी 'ग' एवं 'घ' परीक्षा, 2023 : अभ्यर्थियों के उत्तर पत्रक (पत्रकों) के साथ अनंतिम उत्तर कुंजिया अपलोड करने के संबंध में।

आयोग द्वारा आशुलिपिक श्रेणी 'ग' एवं 'घ' परीक्षा, 2023 हेतु देश भर के विभिन्न केंद्रों पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा का आयोजन दिनांक 12.10.2023 और दिनांक 13.10.2023 को किया गया था ।

2. अभ्यर्थियों के लिए अनंतिम उत्तर-कुंजियों के साथ उत्तर-पत्रक नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध हैं । अभ्यर्थी अपनी परीक्षा के अनुक्रमांक और पासवॉर्ड का उपयोग कर नीचे दिए गए लिंक पर लॉगिन कर सकते हैं ।

3. अनंतिम उत्तर-कुंजियों के संबंध में कोई भी अभ्यावेदन, यदि है, तो दिनांक 16.10.2023 (अपराह्न 06:00 बजे) से 18.10.2023 (अपराह्न 06:00 बजे) तक दावा किए गए प्रत्येक प्रश्न/उत्तर के लिए 100/- रूपए का भुगतान ऑनलाइन कर सकते हैं । दिनांक 18.10.2023 (अपराह्न 06:00 बजे) के बाद प्राप्त किसी भी अभ्यावेदन पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा ।

4. अभ्यर्थियों के लिए यह सुविधा दिनांक 16.10.2023 (अपराह्न 06:00 बजे) से 18.10.2023 (अपराह्न 06:00 बजे) तक की अवधि के लिए उपलब्ध रहेगी । अभ्यर्थी नीचे दिए गए लिंक का उपयोग करके अनंतिम उत्तर कुंजियों के साथ अपने संबंधित उत्तर-पत्रक का प्रिंट आउट ले सकते हैं क्योंकि उपरोक्त निर्दिष्ट समय-सीमा के पश्चात यह उपलब्ध नहीं रहेंगे ।

5. इसके अतिरिक्त, यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त परीक्षा के अंतिम परिणाम की घोषणा से पूर्व आयोग विकल्प-सह-वरीयता प्राप्त करेगा। इस संबंध में एक नोटिस शीघ्र ही अपलोड किया जाएगा, जिसमें अभ्यर्थियों के लिए विकल्प-सह-वरीयता विंडो/टैब को सक्रिय किया जाएगा ताकि वे उसमें उल्लिखित समयावधि के भीतर अपनी वरीयता प्रस्तुत कर सकें। अभ्यर्थियों को आगे की जानकारी के लिए नियमित अंतराल पर आयोग की वेबसाइट और उस क्षेत्रीय/उप-क्षेत्रीय कार्यालय की वेबसाइट को देखने की सलाह दी जाती है, जहां से उन्होंने परीक्षा दी है । जो अभ्यर्थी उपरोक्त अवधि के दौरान अपने विकल्प-सह-वरीयता का प्रयोग करने में विफल रहते हैं, उन्हें उनके विकल्प-सह-वरीयता को जमा करने हेतु कोई और अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा और ऐसे अभ्यर्थियों को अंतिम चयन/अंतिम मेरिट सूची में शामिल करने के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

उप सचिव (गोपनीय)
16.10.2023

<u>अभ्यर्थी के उत्तर-पत्रक, अनंतिम उत्तर-कुंजियां और अभ्यावेदन, यदि है, प्रस्तुत करने के लिए लिंक</u>